

Subject - Our Environment    Chapter 5    Class - 3

Topic - Our Food    S.N. - 20



**मिशन शिक्षण संवाद**

*प्यारे बच्चों, क्या आप **Food** यानि भोजन के बिना जिंदा रह सकते हैं?? नहीं ना... तो चलिए, इस पाठ में हम जानते हैं **Food** यानि भोजन के विषय में...*

## *Read the given passage carefully:-*




We take something on feeling hungry. The things we eat and drink are called food items.

These food items-

* give us energy to do work.
* help in the growth and development of our body.
* protect us from diseases.

Different types of food items-

These food items nourish our body in three ways. On the basis of these qualities food items can be categorized into three groups.

## *Complete the sentence-*

1. The things we eat and drink are called_____.
2. Food items give us energy to do____.
3. Food items help in the growth of our____.
4. Food items protect us from____.
5. Food items can be categorized into____ groups.

Made by- Reeta Gupta, Saharanpur

9458278429


# मिशन शिक्षण संवाद

**बच्चों! आज हम पाठ- 5 'हमारा भोजन' से संबंधित कुछ अभ्यास प्रश्नों को हल करके अब तक सीखे गए पाठ की पुनरावृत्ति करेंगे।**

## पुनरावृत्ति प्रश्न-

1. भोजन से हमें क्या प्राप्त होता है?
2. भोजन कितने प्रकार के होते हैं ?
3. दाल और दूध से क्या मिलता है?
4. रोगों से बचाने वाले दो भोज्य पदार्थ लिखो?
5. संतुलित भोजन कैसा होता है?
6. कच्चा खाने वाले दो भोज्य पदार्थ कौन से हैं?
7. पका कर खाने वाले दो भोज्य पदार्थ कौन से हैं?
8. स्वाद का पता हमें कैसे लगता है?
9. दांत क्या काम करते हैं ?
10. सब्जियों का राजा किसे कहते हैं?

## स्वाद कैसा है ?





ज्ञानेंद्रियों को पहचान कर नाम लिखो-

## रिक्त स्थानों की पूर्ति-

1. भोजन से हमें----- मिलती है।
2. दूध में----- होता है ।
3. सेब को----- खाते हैं।
4. फलों से हमें-----मिलता है।
5. धूप में विटामिन-----मिलता है।
6. दूध एक-----आहार है।
7. पिज़्ज़ा------आहार है ।
8. हमें-----पानी पीना चाहिए।
9. भोजन सदा--------- रखना चाहिए।
10. भोजन करने से पूर्व-----धोने चाहिए।




संतुलित आहार थाली

## उत्तरमाला क्रमांक-19

क. जीभ (Tongue) दांत( teeth)

ख. भोजन निगलना,स्वाद की पहचान

ग. भोजन काटना व चबाना

घ. 32

# मिशन शिक्षण संवाद

बच्चों ! आज हम पशु पक्षियों के भोजन और भोजन करने में सहायक अंगों के विषय में जानेंगे। सबसे पहले हम एक कविता सुनते हैं-

माँ गौरैया खाना लेने निकली,
बच्चों को समझा कर बोली।
बाहर कहीं न जाना बच्चों,
दुनिया नहीं ये तुम सी भोली।।



दूर गई वो उड़ कर नभ में,
खाना खोजे सोचे ये मन में।
लड़की मिली एक रास्ते में,
खाती जो खाना धीमें-धीमें।।

बैठी उसके पास वो जाकर,
अपनी उसने व्यथा बताई।
रोटी तब लड़की ने पकड़ाई,
पर वो चोंच से उठा न पाई।।

आया फिर एक पास कबूतर,
मदद करी उसने चिड़िया की।
रोटी घोंसले तक पहुँचाई,
सबने मिल कर रोटी खाई।।

## *अभ्यास-प्रश्न-*

1. कविता में किस पक्षी की बात हो रही है?
2. गौरैया क्या लेने निकली?
3. गौरैया ने बच्चों से क्या कहा?
4. गौरैया क्यों उदास हुई ?
5. गौरैया को रास्ते मे कौन मिला?
6. गौरैया की मदद किसने की?

## *गतिविधि -*

अपने आस-पास मिलने वाले पक्षियों के चित्र इकठ्ठा कर अपनी कॉपी में लगाओ और उनके नाम लिखो ।

उत्तरमाला-क्रमांक 21

पुनरावृत्ति प्रश्नों का छात्र स्वयं प्रयास करें।

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- डॉ०नीतू शुक्ला ,मॉडल प्राइमरी स्कूल बेथर- 1,सि.कर्ण,उन्नाव



Subject - Our Environment Chapter 5 Class - 3

Topic - Our Food S.N. - 21



मिशन शिक्षण संवाद

## ***Different types of food items:-***


### 1. Energy giving food items:-

Food Items which give us energy to do work. (वे खाद्य पदार्थ जो हमें काम करने की शक्ति देते हैं) Such as- milk, wheat, rice, sugar, oil etc.




### 2. Body-building food items:-

Food items which help us in the growth of our body. (वे खाद्य पदार्थ जो हमारे शरीर की वृद्धि में सहायता करते हैं) Such as:- pulses, fish, milk etc.




### 3. Protective food items:-

Food items which protect us from diseases. (वे खाद्य पदार्थ जो हमें बीमारियों से बचाते हैं) Such as- fruits, vegetables etc.




## ***Answer the following questions:-***

1. Name any 2 Energy giving food items.
2. Name any 2 body-building food items.
3. Name any 2 protective food items.
4. In all pictures, 1 food item is common. It is called a complete food. Name it.

9458278429

Made by- Reeta Gupta, Saharanpur

# मिशन शिक्षण संवाद

बच्चों ! आज हम पक्षियों की विभिन्न प्रकार की चोंच और पंजो के विषय मे जानेंगे। ये दोनों अंग भोजन ग्रहण करने में पक्षियों की सहायता करते हैं। भोजन एवं निवास स्थान के आधार पर चोंच व पंजे विभिन्न प्रकार के होते हैं।

## पक्षी भोजन कैसे खाते हैं ?

हम अपना भोजन हाथ से पकड़कर मुँह में डालते हैं। पक्षी भी पंजे व चोंच कीसहायता से अपना भोजन पकड़ कर खाते हैं ।पक्षियों के पंजे व चोंच की बनावट उनके खान-पान के अनुरूप होती है। पक्षियों की चोंच एवं पंजों की बनावट फल, सब्ज़ियों, अनाज के दानों को उठाने, छीलने, कुतरने, नोचने एवं पकड़ने में उनकी मदद करती है।

## विभिन्न पक्षियों की चोंच-





गौरैया की चोंच छोटी एवं नुकीली होती है। इससे उसे अनाज के दानों को छीलने और फोड़ने में सहायता मिलती है ।



शक्करखोरा की चोंच पतली और घुमावदार होती है। इससे वह फूलों के रस चूसने का कार्य आसानी से करता है।



बाज व चील की चोंच छोटी और आगे की ओर मुड़ी होती है तथा पंजे नुकीले होते हैं इससे उन्हें भोजन को पकड़ने में आसानी होती है।



पानी एवं उसके आस-पास रहने वाले पक्षियों की चोंच इस प्रकार होती है कि वे कीचड़ एवं पानी में रहने वाले कीड़े व अन्य जीवों को पकड़कर आहार के रूप में ले सकते हैं।

**पहचान कर नाम लिखो-**


---


---


---


---

**उत्तरमाला क्रमांक-21**

1.गौरैया
2.खाना लेने
3.बाहर न निकलना
4.खाना नहीं मिला
5.लड़की
6.कबूतर

**अपने आस-पास दिखने वाले पक्षियो को पहचानने का प्रयास करो और उनके नाम अपनी नोट बुक में लिखो।**


9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- डॉ०नीतू शुक्ला-मॉडल प्राइमरी स्कूल,बेथर 1,सि. कर्ण,उन्नाव



Subject - English Chapter- Just Move Class - 3

Topic - Poem S.N. - 21



मिशन शिक्षण संवाद

# Poem

**Bend your knee to the right,**
**Bend your knee to the left,**
**And say, "Do you like?"**

## हिन्दी अनुवाद



**अपने घुटने को सीधी तरफ झुकाओ,**
**अपने घुटने को बायीं तरफ झुकाओ,**
**और कहो, "क्या तुम पसंद करते हो?"**



## Exercise

Write the name of directions around the boy (Left, Right, Up, Down.)



## Answersheet

Run front, run back,
Run right, run left,
And say, "I'm fine."

सीधा दौड़ो, पीछे दौड़ो,
दायीं तरफ दौड़ो, बायीं तरफ दौड़ो,
और कहो, "मैं ठीक हूँ।"

Made by- Ayushi Agarwal, Nazia Parveen 9458278429 (Moradabad)



Subject - English Chapter- Just Move Class - 3

Topic - Poem S.N. - 22



मिशन शिक्षण संवाद

## Poem

Jump high, jump low,
Jump fast, jump slow,
And say, "This is what we like."

## हिन्दी अनुवाद



ऊँचा कूदो, धीरे कूदो,
तेज़ कूदो, हल्के कूदो,
और कहो, "यह हैं वो जो हम
पसंद करते हैं".



## Exercise

**Word - Meaning**
Jump - कूदना
High - ऊँचा
Fast - तेज़
Slow - धीरे/हल्के
Like - पसंद

## Answersheet




9458278429
Made by- Ayushi Agarwal, Nazia Parveen (Moradabad)



Subject - English Chapter- Sound - I Class - 3

Topic - Sound of A S.N. - 23



मिशन शिक्षण संवाद

# Sound of A



MAT



CAP



VAN



TAP



MAN



CAT

## Exercise

**Fill in the blanks-**

T_ P C_ P M _ T

M _ N V_ N C _ T

मिशन शिक्षण संवाद

Made by- Ayushi Agarwal, Nazia Parveen 9458278429 (Moradabad)









**मेरी मेला यात्रा**

जीतू ने मेले में देखा अजब गजब तमाशा। शीशे में जीतू कहीं दुबला, कहीं मोटा। कहीं लंबा, कहीं छोटा दिख रहा था। खूब हँसा जीतू।
" मैं ऐसा कैसे"--- जीतू बोला। "क्योंकि शीशा वैसे"--- जिया बोली।

क्या तुमने भी कभी ऐसा तमाशा देखा है? कहाँ और कब? तो लिखो अपनी छोटी सी कहानी **"मेरी मेला यात्रा"**

---

तालाब में चाँद कहानी का अंत तो हुआ ही नहीं। बंदर बोले---- मगर, अगर बंदर ऐसा क्यों बोले? बंदर ऐसा इसलिए बोले क्योंकि उनका मगर के साथ पिछला अनुभव कुछ ठीक नहीं था। आओ पढ़ते हैं-- 'मगर और बंदर' की कहानी










तालाब के किनारे जामुन के पेड़ पर एक बंदर रहता था। उसकी तालाब में रहने वाले मगर से दोस्ती हो गई। बंदर रोज मीठे-मीठे जामुन तोड़कर मगरमच्छ को खाने को देता। मगरमच्छ थोड़े से जामुन खाता और थोड़े से अपने घर ले जाता।अपनी पत्नी को देने के लिए।

एक दिन मगरमच्छ की पत्नी बोली--- जो बंदर दिनभर इतना मीठा जामुन खाता है, उसका कलेजा कितना मीठा होगा?मैं उसका कलेजा खाना चाहती हूँ।तुम उसे अपने साथ लेकर आओ। मगरमच्छ को अच्छा तो नहीं लगा पर पत्नी का कहना मानते हुए वह बंदर को लेने चला गया। उसने बंदर से कहा भाई! तुम तो मुझे रोज मीठे-मीठे जामुन खाने को देते हो और मैं तुम्हें कुछ नहीं देता, तो आज मेरी पत्नी ने तुम्हें अपने घर पर खाने के लिए बुलाया है। बंदर मगर की पीठ पर बैठ कर चल दिया। बीच रास्ते में मगर बोला-- भाई! मैंने तुमसे झूठ बोला दरअसल मेरी पत्नी तुम्हारा कलेजा खाना चाहती है।

यह सुनते ही बंदर सन्नाटे में आ गया। लेकिन फिर वह जल्दी से बोला रुको, रुको भाई तुमने पहले क्यों नहीं बताया? मैं तो अपना कलेजा पेड़ पर ही रख आया हूँ। पेड़ तक वापस ले चलो।मैं कलेजा साथ में लेकर चलता हूँ। मगरमच्छ जैसे ही उसे पेड़ तक लाया, एक छलाँग लगाकर बंदर पेड़ पर पहुंच गया और बोला धोखेबाज! आज से मेरी तुम्हारी दोस्ती खत्म।

**अभ्यास कार्य** इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- मनुजा द्विवेदी प्रा0 वि0 लुहारी बंगरा झाँसी

# मिशन शिक्षण संवाद

आजकल बारिश का मौसम चल रहा है। बारिश के मौसम में सभी का मन मयूर नृत्य करने लगता है ।यह बारिश हमारे लिए बहुत लाभदायक होती है।लेकिन कभी-कभी जब अधिक बारिश हो जाती है, तो बहुत सारी समस्याएं भी खड़ी कर देती है -- जैसे कहीं पर बाढ़ आ जाती है, लोगों के घर, मकान, खेत, खलिहान पानी में डूब जाते हैं।
कुछ ऐसा ही हुआ सीमा के साथ।आइए देखते हैं, क्या हुआ।



**अभ्यास कार्य:-** चित्र देखकर उत्तर बताओ

(1)इस चित्र से तुम्हें क्या समझ में आ रहा है?
(2) सीमा किस मुसीबत में फँस गई है?
(3)अब उसे क्या करना चाहिए?
(4) उसकी सहायता किस प्रकार से की जा सकती है?

बाढ़ एक आपदा है। आपदाएं अचानक आती हैं जैसे भूकंप, आग लग जाना, बादल फटना, बिजली गिरना आदि आदि। क्या आप के आस पास कभी कोई ऐसी आपदा आई है। अगर कभी ऐसा कुछ हो, तो ऐसे समय में हमें क्या-क्या करना चाहिए?

**पृष्ठ 21 का उत्तर**

**सीख:-** इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि मुसीबत के समय धैर्य नहीं खोना चाहिए और बिना जाने-समझे, हर किसी के साथ, नहीं चल देना चाहिए।

9458278429
निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- मनुजा द्विवेदी प्रा0 वि0 लुहारी बंगरा झाँसी

मिशन शिक्षण संवाद



रात का समय था।सीमा और उसका छोटा भाई घर में अकेले थे। सीमा के माता-पिता तीज का सामान लेकर उसकी दीदी के घर गए थे।
अचानक शोर सुनकर सीमा उठी। बाहर हल्ला हो रहा था, "भागो -भागो, बचाओ-बचाओ, गांव में बाढ़ आ गई है।" सीमा ने दरवाजा खोला।बरामदे में तेजी से पानी बढ़ रहा था। वह भागकर कमरे में लौटी और छोटे भाई को जगाया। सीमा और उसका भाई घर का सामान ऊँची जगहों पर रखने लगे। देखते ही देखते बाहर का पानी कमरों में भरने लगा। थोड़ी ही देर में पानी कमर तक आ गया।
सीमा बरामदे में आई तो उसे लगा कि वह पानी में डूब जाएगी। सीढ़ी लगाकर उसने तुरंत अपने भाई को छत पर चढ़ाया और स्वयं भी तेजी से ऊपर चढ़ गई।उसने अपने माता-पिता को फोन किया, पर बात ना हो सकी।

*****************************************************************

अभ्यास कार्य:-
***********

<u>अचानक, थोड़ी देर में</u> ----- यह समय सूचक शब्द है जो हमें किसी समय का बोध कराते हैं। इन शब्दों को प्रयोग करते हुए कोई दो वाक्य लिखिए।

उपरोक्त गद्यांश पढ़कर सही विकल्प भरिये:-(1) गांव में------ आ गई है। (बाढ़/ शेरनी)
(2) विपदा समझ में आते ही, सीमा ने-------बुद्धि का प्रयोग किया। (अपनी/ भाई की)
(3) सीमा एक------- लड़की थी।(साहसी/ डरपोक)

<u>पृष्ठ 22 के उत्तर</u>

(1)बच्चों के घर के चारों ओर पानी ही पानी है।
(2) सीमा बाढ़ से में फँस चुकी है।
(3) उसे, बचाव के लिए, लोगों से सहायता माँगनी चाहिए।
(4) नाव में सीढ़ी लगाकर, उसको नीचे उतारकर,बचाया जा सकता है।

9458278429
निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- मनुजा द्विवेदी प्रा0 वि0 लुहारी बंगरा झाँसी







Subject - **Maths** Chapter- **Wonder of sticks** Class - **3**

Topic - **Revision** S.N. - **21**



## मिशन शिक्षण संवाद

| | |
|---|---|
|  | 3+3+3+3=12<br>4×3=12 |
|  | |
|  | |
|  | |
|  | |
|  | |
|  | |
|  | |

## Activity

***Make 10 groups of 9 pabbles each and find how many total pabbles are there.How will you write this in simple addition and in multiplication method?***

**Answer key of sheet 20**

1- 576, 2-1855, 3-1100, 4-1426
5-380, 6-880 pages, 7-480 apples.

9458278429

Made by- Jyotima Srivastava, P S Korain 1, Teliyani, Fatehpur



विषय- गणित पाठ- सींको का कमाल कक्षा - 3

प्रकरण- गुणा क्रमांक- 21



# मिशन शिक्षण संवाद

प्यारे बच्चों, अभी तक हम अच्छे से जोड़ना और घटाना सीख चुके हैं। चलो आज कुछ नया सीखते हैं।

आज हम गुणा करना सीखेंगे-

आओ, एक उदाहरण से समझते हैं-

अंजलि, रीमा और सीमा के पास दो-दो रसगुल्ले हैं। हमें पता लगाना है कि कुल कितने रसगुल्ले हैं?




2 रसगुल्ले 3 बार या 3 बार 2 रसगुल्ले = 6 रसगुल्ले होते हैं। या

3 × 2 = 6

या 2 × 3 = 6

एक उदाहरण और देखते हैं-



इस बाग में कुल 20 पेड़ हैं यहां से देखने पर चार पड़ी पंक्तियां हैं तथा प्रत्येक पंक्ति में 5 पेड़ हैं इसीलिए

5 + 5 + 5 + 5 = 20 पेड़

या 4 × 5 = 20 पेड़

अब बाग को दूसरी तरफ से देखते हैं



यहां से देखने पर हमें 5 खड़ी पंक्तियां दिखाई तथा प्रत्येक पंक्ति में 4 पेड़ दिखाई देते हैं।

4 + 4 + 4 + 4 + 4 = 20 पेड़

या 5 × 4 = 20 पेड़

## गृह कार्य

(क) 3 × 7 = (ख) 2 × 8 =

(ग) 5 × 9 = (घ) 3 × 10 =

(च) 10 × 6 = (छ) 0 × 7 =

(ज) 4 ×8 = (झ) 9 × 7 =

(ट) 8 × 3 = (ठ) 8 × 9 =

उत्तरमाला कार्य पत्रिका सं०- 20

उ.1 (क) तीन हजार तीन सौ बीस

(ख) पांच हजार बयालीस

उ.2 (ख) 7712 (ख) 8024 उ.3 (क) 0 (ख) 5000

उ.4 (क) > (ख) < (ग) = (घ) >

उ.5 950 उ.6 2384 उ.7 (क) 3526 (ख) 1312

उ.8 (क) 8000+300+20+0

(ख) 7000+0+20+1

उ.9 बढ़ता क्रम- 1222, 2685, 6231, 8031

घटता क्रम- 8031, 6231, 2685, 1222

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम-नमिता राजपूत (मुरादाबाद) और अंकुश कौशिक (सहारनपुर)



**विषय-** गणित **पाठ-** सींकों का कमाल **कक्षा - 3**

**प्रकरण-** सींकों का खेल (गुणा) **क्रमांक - 22**



# मिशन शिक्षण संवाद


प्यारे बच्चों, पिछली कार्यपत्रिका में हमने सीखा हैं, गुणा करना। आज हम गुणा करने का अलग तरीका सीखेंगें।

## गतिविधि:-

आज हम बिना जोड़े या गुणा किए किसी भी गुणा के सवाल को हल करेंगें।
मान लीजिए आपको प्रश्न दिया गया हैं:-


3 × 6

इसके लिए आप कुछ सींकों को नीचे दिए गए चित्र के अनुसार लगाइए।




इससे उत्तर आएगा 3 × 6 = 18 , कैसे ?


**आओ इसे समझे:-**




1 गुना 4 = 1 X 4 = 4 (4 कटान-बिन्दु)




2 गुना 4 = 2 X 4 = 8 (8 कटान-बिन्दु)



3 गुना 4 = 3 X 4 = 12 (12 कटान-बिन्दु)



.... गुना ..... = ..... × ..... =
..... ( ..... कटान बिंदु )



.... गुना ..... = ..... × ..... =
..... ( ..... कटान बिंदु )

इसी प्रकार आगे भी सींके जमाओ और कटान बिंदु देख कर गुणा का हल निकालो।
ऐसे ही 0 × 4 और 4 × 0 को करके देखो। कितने कटान-बिंदु बन रहे हैं ?
एक भी नहीं (शून्य)
क्या हम कह सकते हैं कि
0 × 4 = 4 × 0 = 0
आप सभी सींकों का खेल समझ गए।
लग रहा हैं न गुणा बहुत मज़ेदार !

## अभ्यास प्रश्न:-

(1) 4 × 6 (2) 3 × 9 (3) 6 × 8

(4) 7 × 7 (5) 9 × 5 (6) 4 × 9





(7) 8 × 7 (8) 5 × 8 (9) 9 × 6

## उत्तरमाला कार्यपत्रिका सं०21:-

(क) 21, (ख) 16, (ग) 45, (घ) 30, (च) 60,
(छ) 0, (ज) 32, (झ) 63, (ट) 24, (ठ) 72

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- अंकुश कौशिक (सहारनपुर) और नमिता राजपूत (मुरादाबाद)

| | |
|---|---|
|   | 3 × 2 = 6 total cross over points =Ans. |
|  | |
|  | |
|  | |
|  | |

## Activity

***Collect 10 sticks and arrenge them in above given pattern one by one and count the cross over points to find the answer.***

**Answer key of sheet 21**

1- 12, 2-45, 3-28, 4-18
5-24, 6-40, 7-18, 8-36.


9458278429

Made by- Jyotima Srivastava, P S Korain 1, Teliyani, Fatehpur




विषय- *गणित* पाठ- सींको का कमाल कक्षा - *3*

प्रकरण- गुणा क्रमांक- **23**



# मिशन शिक्षण संवाद

प्यारे बच्चों, पिछली कार्य पत्रिका में हमने सीकों का कमाल देखा था। उम्मीद है सभी को बहुत मजा आया होगा। आओ, आज गुणा करने की एक नई विधि सीखते हैं। तुम्हें पता है, 3 × 6 = 18 होता है।




3 × 6 के लिए 6-6 की 3 छलांगे लगाएं।

तुम भी करके देखो 2 × 4 और 4 × 2

**बनाओ पहाड़ा करो सवाल**

$$\begin{array}{r}5\\ \times 8\\ \hline 40\end{array}\qquad \begin{array}{r}4\\ \times 5\\ \hline \phantom{00}\end{array}\qquad \begin{array}{r}7\\ \times 0\\ \hline \phantom{00}\end{array}\qquad \begin{array}{r}9\\ \times 1\\ \hline \phantom{00}\end{array}$$

सोचो, क्या 9 × 12 को हल करने के लिए 12 को 9 बार जोड़ना होगा या कोई और आसान तरीका भी है?

$$12 = 10 + 2$$
$$9 \times 12 = 9 \times 10 + 9 \times 2$$
$$= 90 + 18$$
$$= 108$$

## गृह कार्य

पैटर्न देखकर पूरा करो-

3, 6, 9, __, __, __, __

7, 14, 21, __, __, __, __

10, 20, 30, __, __, __, __

30, 60, 90, __, __, __, __

उत्तरमाला कार्य पत्रिका सं० 22

(1) 24 (2) 27 (3) 48
(4) 49 (5) 45 (6) 36
(7) 56 (8) 40 (9) 54

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- *नमिता राजपूत (मुरादाबाद) और अंकुश कौशिक (सहारनपुर)*





Subject - **Maths** Chapter- **Wonder of sticks** Class - **3**


Topic - **Revision** S.N. - **23**



## मिशन शिक्षण संवाद

| | |
|---|---|
|  Cross over points<br>Horizontal line<br>Longitudinal lines<br>**3 × 1 = 3** | **Multiplication of any number by 1 always results that number.**<br>**3 × 1 = 3 cross over points =Ans.** |
|  Number of longitudinal stisks=0 so no cross over points and answer will be 0<br>**0 × 4 = 0** | **Multiplication of any number by 0 always results 0, no matter how big that number is.**<br>**0 × 4 = 0 Ans.** |
|  No horizontal lines so no cross over points and answer will be 0.<br>**2 × 0 = 0** | **Product of a multiplication equation will be 0 if 0 is present at the place of either mulplier or multiplicand.**<br>**2 × 0 = 0** |

***Let's practice ->*** Solve given equations and colour the pictures.



4 × 0 =____ 0 × 9 =____ 6×7×0=____ 25 × 1=____

405 × 0 =____ 853×1=____ 563 × 0 =____ 643 × 1 =____

## ☀ Activity ☀

***Collect 10 sticks and arrenge them in above given pattern one by one and count the cross over points to find the answer.***

**Answer key of sheet 22**

1- 6, 2-12, 3-4, 4-16
5-15.

9458278429

Made by- Jyotima Srivastava, P S Korain 1, Teliyani, Fatehpur



विषय- संस्कृत पाठ- चतुर्थ:पाठः कक्षा - 3

प्रकरण- चित्रपाठः 3 क्रमांक - 21



# मिशन शिक्षण संवाद

| एषा का ? | एषा का ? | एषा का ? |
|---|---|---|
| एषा घटिका। | एषा माला। | एषा नौका। |

**शब्दार्थ -**

| | |
|---|---|
| घटिका | - घड़ी |
| माला | - माला |
| नौका | - नाव |
| कपिला | - गाय |
| मापिका | - पटरी |

---

**अभ्यास कार्य**

**सही शब्द चित्र के नीचे लिखिए-**

**चटका, सरिता, स्थालिका, मक्षिका, कलिका**

एषा ....... । एषा ....... । एषा ....... । एषा ....... । एषा ....... ।

---

● **चित्र और शब्द के सही---------**

 मयूरः  दूरभाषः

 शुकः  घटः

 गजः  सर्पः

**उत्तरमाला 20**

● **निम्न पुल्लिंग शब्दों में-------**

राजेशः, मनोजः, देवः, शिवः, रमेशः, नकुलः, नागः, मृगः, सिंहः, वानरः।

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- सुनीता स०अ० प्रा०वि० लुहारी बंगरा- झाँसी



विषय- संस्कृत पाठ- चतुर्थः पाठः कक्षा - 3

प्रकरण- चित्रपाठः 3 क्रमांक - 22



# मिशन शिक्षण संवाद




एषा का ?
एषा आसन्दिका।

यह कौन है?
यह कुर्सी है।



एषा का ?
एषा पिपीलिका।

यह कौन है?
यह चींटी है।



एषा का ?
एषा मञ्जूषा।

यह कौन है?
यह बक्सा है।

## शब्दार्थ

एषा - यह
का - कौन
आसन्दिका - कुर्सी
पिपीलिका - चींटी
मञ्जूषा - बक्सा
स्थालिका - थाली
कोकिला - कोयल
लता - बेल

## अभ्यास कार्य

1- हिंदी में अनुवाद लिखिए।

एषा घटिका
एषा माला
एषा नौका
एषा शिक्षिका

2 - चित्र देखकर शब्द लिखिए।





## उत्तरमाला - 21


एषा स्थालिका


एषा मक्षिका


एषा कलिका


एषा चटका


एषा सरिता।

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- सुनीता स०अ० प्रा०वि० लुहारी बंगरा- झाँसी

## पढ़ें और समझें-

बच्चों इस पाठ में हमने स्त्री जाति के शब्दों को पढ़ा, जैसे- माला, नौका, कपिला, शिक्षिका, चटका, मक्षिका, कलिका, पिपीलिका मापिका आदि।
अतः एषा स्त्रीलिंग (स्त्री जाति के) शब्दों के लिए प्रयोग हुआ है।

नोट :- ऐषा - यह (स्त्रीलिंग)

आइए कुछ और स्त्रीलिंग शब्दों को पढ़ें -
छात्रा, अजा, महिला, सरिता, वसुधा, कृषिका, वीणा, कोकिला, द्विचक्रिका आदि।

## अभ्यास कार्य

1- स्त्रीलिंग शब्दों की सूची बनाएं जिनके अंत में आ (T) आता है।

2- शब्दार्थ मिलाओ-

| | |
|---|---|
| घटिका | चींटी |
| मापिका | कुर्सी |
| पिपीलिका | घड़ी |
| सरिता | थाली |
| आसन्दिका | पटरी |
| स्थालिका | कोयल |
| कोकिला | औरत |
| महिला | नदी |

## उत्तरमाला 22

1- हिंदी में अनुवाद-
यह घड़ी है।
यह माला है।
यह नाव है।
यह शिक्षिका है।

2 - चित्र देखकर शब्द लिखिए।


कपिला


लता



विषय- चित्रकला पाठ- तितली कक्षा -2,3

प्रकरण-चित्रण ,रंग क्रमांक- 21




# मिशन शिक्षण संवाद

## आओ बच्चों '3' से एक तितली बनाएं।


1.



2.



3.



4.




## केवल अंतिम चित्र कॉपी पर बनाएं।


9458278429


निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- चेतना सिंह (प्राथमिक विद्यालय इमरता)

## मिशन शिक्षण संवाद

# आओ बच्चों तिरंगें को मोर संग सजाएं।









## केवल अंतिम चित्र कॉपी पर बनाएं

9458278429
निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- चेतना सिंह(प्राथमिक विद्यालय इमरता)

विषय- चित्रकला  पाठ- नाव  कक्षा -II, III

प्रकरण-चित्रण ,रंग  क्रमांक- 22


# मिशन शिक्षण संवाद

## आओ बच्चों '1' से एक नाव बनाएं ।


1.



2.



3.



4.



मिशन शिक्षण संवाद

## केवल अन्तिम चित्र कॉपी पर बनाएं

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- चेतना सिंह(प्राथमिक विद्यालय इमरता)